आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.08.2026   समय : 1905

- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा मुक्त व्यापार समझौतों के जरिए वैश्विक बाजार में भारत की पहुंच बढ़ेगी। वैश्विक व्यापार के पचहत्तर प्रतिशत हिस्से तक पहुंच बनाने का लक्ष्य।
- आदिवासी भाषाओं और संग्रहालयों पर मैसुरू में आज तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन, संरक्षण और पुनरुद्धार पर होगा मंथन।
- राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी श्री विजयपुरम में होगा खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम– युवाओं और खिलाड़ियों को मिलेगा संवाद का मंच।
- अंडमान पुलिस के व्यावहारिक प्रशिक्षण के चलते गर्ल्स स्कूल से धर्मशाला जंक्शन तक सड़क 28 अगस्त तक निर्धारित समय में बंद रहेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत आठ से नौ और देशों तथा देशों के समूहों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत के मुक्त व्यापार समझौते वैश्विक व्यापार के करीब 75 प्रतिशत हिस्से को कवर करेंगे। जापान में व्यापार प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि भारत ने पिछले चार वर्षों में नौ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने डेटा सेंटर, विनिर्माण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में भारत में निवेश की बड़ी संभावनाएं बताईं।

<><><><><><><>

जनजातीय कार्य मंत्रालय आज से बुधवार तक कर्नाटक के मैसूरु में आदिवासी भाषाओं और संग्रहालयों पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य आदिवासी भाषाओं के प्रलेखन, संरक्षण और पुनरुद्धार को बढ़ावा देना तथा देशभर के आदिवासी संग्रहालयों को मजबूत करना है। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके करेंगे। इस दौरान आदिवासी भाषाओं में कर्नाटक प्राइमर्स जारी किए जाएंगे और जनजातीय कार्य मंत्रालय तथा केंद्रीय

भारतीय भाषा संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे। साथ ही, आदि वाणी प्लेटफॉर्म में नए अपडेट किए जाएंगे, जिनमें पांच नई भाषाओं को शामिल करना और नया आई ओ एस एप्लिकेशन प्रमुख हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने विश्व ओजोन दिवस 2026 के अवसर पर उत्तर और मध्य अंडमान के स्कूल और कॉलेज छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। सुभाषग्राम, डिगलीपुर, मायाबंदर और रंगत के विद्यालयों में छात्रों को ओजोन परत के महत्व, ओजोन क्षरण तथा पर्यावरण और स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रश्नोत्तरी और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। मायाबंदर के महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय में कॉलेज छात्रों के लिए विज्ञान सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें नौ छात्रों ने ग्लोबल एक्शन फॉर ए कूलरप्लैनेट विषय पर प्रस्तुतियां दीं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना था।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, श्री विजयपुरम में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए दो वर्षीय शिक्षा स्नातक यानी बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम वरीयता सूची 29 अगस्त को जारी की जाएगी। उम्मीदवार 28 अगस्त तक सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। 31 अगस्त को परामर्श सत्र आयोजित किया जाएगा, जबकि नियमित कक्षाएं एक सितंबर से शुरू होंगी।

<><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27 अगस्त को विजयपुरम में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं और खिलाड़ियों को एक मंच पर लाना है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने के बाद स्थानीय युवा संवाद होगा। दक्षिण अंडमान में यह कार्यक्रम टैगोर

राजकीय शिक्षा महाविद्यालय और डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित होगा, जिसमें करीब 600 युवा प्रतिभागी शामिल होंगे।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 समारोह का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" विषय के तहत किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पर्ल देवदास ने अंतर–विभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के साथ समारोह का उद्घाटन किया। उन्होंने छात्रों से खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और फिटनेस, अनुशासन, टीम भावना तथा खेल भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया। समारोह के दौरान अंतर–विभागीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी जाएगी। कार्यक्रम का समापन 29 अगस्त को छात्र–छात्राओं के लिए क्रॉस–कंट्री और फिटनेस रन के साथ होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त के निर्देश पर अंडमान और निकोबार पुलिस के टैक्टिकल ड्राइविंग कोर्स के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए एक सड़क को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। गर्ल्स स्कूल से धर्मशाला जंक्शन तक की सड़क 28 अगस्त तक सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम पांच बजे तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी। आम लोगों से इस दौरान वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर के सहयोग से "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशा–मुक्त समाज के प्रति जागरूकता बढ़ाना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। मुख्य अतिथि एस. कृष्णा चैतन्य ने कहा कि स्वस्थ और नशा–मुक्त समाज के निर्माण में

युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रतियोगिता में छात्रों ने पेंटिंग, संगीत, नृत्य, स्लोगन लेखन और रील–मेकिंग जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, पार्टी कार्यकर्ताओं और अन्य अधिकारियों ने नयागांव निवासी रमाकांत झा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। रमाकांत झा का कल निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अतिथि अध्यापकों और विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 27 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। यह नियुक्ति लोक प्रशासन और भारत को समझना विषयों के लिए आवश्यकता के आधार पर की जाएगी। चयनित अतिथि अध्यापकों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानदंडों के अनुसार मानदेय दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र और अन्य आवश्यक विवरण अंडमान कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन तथा राज्यस्तरीय खेल संघों ने द्वीप समूह के पूर्व राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ खिलाड़ियों से अपना पंजीकरण कराने की अपील की है। योग्य पूर्व खिलाड़ी संबंधित राज्य खेल संघ के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें 60 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना होगा। एसोसिएशन के अनुसार, पंजीकृत पूर्व खिलाड़ियों के नामों पर खेल पुरस्कारों के लिए सिफारिश, एथलीट कमेटी के गठन और संबंधित प्रक्रियाओं के तहत रोस्टर तैयार करने जैसे मामलों में विचार किया जाएगा।

<><><><><><><>

चेन्नई से श्री विजयपुरम आ रहा यात्री जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के 26 अगस्त की सुबह करीब नौ बजे राजधानी श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज पर कुल 421 यात्री सवार हैं। जहाज के हैड्डो जेट्टी पर पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>